**12.10 hrs.**

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Floods in Gujarat

MR. SPEAKER: Now, Call Attention Motion. Mr. Paswan.

(*Interruptions*) **

MR. SPEAKER: Nothing should be recorded without my permission. That is all. You try to cooperate with me. Mr. Bosu, this is not the way. I am trying to do everything possible to accommodate every point. You are not allowed to do that. Otherwise, I am not going to cooperate with you.

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): I want to make my submission.

MR. SPEAKER: You have many submissions to make.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Sir, Prof. Dandavate has clearly pointed out that atrocities on harijans and tribals...

MR. SPEAKER: Mr. Bosu, you come to me. We will call a meeting and discuss that.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Don't try to see the rules.

MR. SPEAKER: Now, Call Attention. Mr. Paswan.

SHRI NIREN GHOSH (Dum Dum): I am on a point of order.

MR. SPEAKER: Not allowed. Mr. Paswan's Call Attention motion now. This is an important thing which will go on. I must tell this House that each and every subject is fairly treated and I allow every Member to give vent to his feelings in every possible way. But, this is not the way. (*Interruptions*) Please sit down. When I am on my legs, please be seated. I am telling you that there must be certain decorum in this House. I have seen it. We must see that this House has decorum and it should have decorum. Go out and find out how people talk about us. Come to my Chamber and discuss anything and I shall cooperate with you. This Chamber is meant for you. This is your Chamber. (*Interruptions*) We cannot discuss this matter.

SHRI A. NEELALOHITHADASAN: rose.

MR. SPEAKER: How is it you do not known the decorum? I am standing and you are also standing. Don't try to over rule the rules. This is not the way. We have to deal with every subject and I will try to accommodate every section of the House. I am not going to make any wrong observation. I am going according to rules and law laid down in this Book by you and by this House. That is all I want to say.

Now, Mr. Paswan.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Sir, the hon. lady Member wants to make her submission. (*Interruptions*)

SHRIMATI SUSEELA GOPALAN: *rose.*

MR. SPEAKER: Madam, you are also trying to do the same thing. You are speaking along with others. I have already admitted a Calling Attention Motion, on this. (*Interruptions*)

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): Allow me a minute. I want a clarification on item No. 11. It is written here 'Discussion and Voting on the Demand for Grant under the control of the Ministry of Energy'. It is written here under item 12 'Discussion and Voting on the demand for Grant under the control of the Department of Coal (Ministry of Steel, Mines and Coal)'. I want a clarification on whether these two items—11 and 12—will be taken up

**Not recorded.

Department of Coal (Steel and Mines) will be taken up separately.

MR. SPEAKER: Only he Department of Coal will be taken up. The other Ministry will be taken up separately.

**श्री मनी राम बागड़ी** (हिसार) : डाक्टरों वगैरह के सवाल को ले कर काम रोको प्रस्ताव दिए गए हैं। झगड़ा सिर्फ इतना है कि आपने कुछ नामों की तो चर्चा कर दी है और कुछ नामों की नहीं की है। अगर सब के नाम आप बता देते तो सब को तसल्ली हो जाती —

**अध्यक्ष महोदय** : बता तो दिया है कि सुशीला जी का नाम रखा है।

वह सब आपने कहा, बता देंगे। (**व्यवधान**) सब की चर्चायें है, सुशीला गोपालन का नाम भी है। (**व्यवधान**)।

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (नई दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, एक मामले पर मुझे आपकी सलाह प्राप्त करनी है। जब एडजार्नमेंट मोशन हम लाते हैं, तो हम सरकार की निन्दा करना चाहते है किसी विफलता के लिए। दिल्ली में असेम्बली नही है, दिल्ली का सारा कामकाज केन्द्रीय सरकार देख रही है। पालियामेंट के अलावा कोई दूसरा फोरम नहीं है। मै कहूंगा कि एडजार्नमेंट की जगह जो कालिंग अटेंशन मंजूर कर लिया गया है, इससे उद्देश्य पूरा नहीं होता। मरीज मर रहे है। (**व्यवधान**)

MR. SPEAKER: I have allowed Calling Attention for tomorrow. This question can be discussed by Calling Attention. This is not a subject for adjournment motion.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** आप यह बताइये कि एडजार्नमेंट मोशन क्यों नही? कालिंग अटैंशन ही क्यों? मैं दिल्ली का प्रतिनिधि हूं, माफ कीजिए।

MR. SPEAKER: This is my idea that this question can be discussed by Calling Attention. You convince me.

(*Interruptions*)

SHRI G. M. BANATWALLA (Ponnani): Sir, my adjournment motion on doctors' strike wants to censor the Government. There is callous indifference.

MR. SPEAKER: I have allowed Calling Attention.

SHRI G. M. BANATWALLA: Calling Attention will not do. (*Interruptions*)

SHRI HARIKESH BAHADUR (Gorakhpur): Sir, I am rising on a point of order under Rule 376 proviso (ii). There is flood in Karnataka, Tamil Nadu, Manipur, Bihar U. P. and Assam. We had given a general Calling Attention on the overall situation of floods in the country. If you had allowed it then the entire situation would have been discussed. Therefore, please suspend this Call Attention and another Call Attention should be accepted in order to discuss the entire flood situation in the country.

**अध्यक्ष महोदय** : यह तो हम लोग बाद में सोचेंगे, यह तो होने दें, बाद में करेंगे।

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Why don't you allow adjournment motion?

**अध्यक्ष महोदय** : काम की बात होगी तो एडजार्नमेंट मोशन भी करेंगे, क्यों नहीं करेंगे?

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात में हाल ही में आई भारी बाढ़ से उत्पन्न स्थिति तथा बाढ पीड़ित लोगों की सहायता करने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की ओर मैं कृषि मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI BIRENDRA SINGH RAO): During the period from the 1st June, 1980 to the 2nd July, 1980, Saurashtra and Kutch region had 362 per cent of the normal rainfall. As against 9 cm. of rainfall, it received 33 cm. Rainfall was concentrated particularly after the 24th June, 1980 and from that date till the 5th July, 1980 rainfall in places like Ahmedabad, Rajkot, Veraval, Porbander, Bhuj, Bulsar and Amreli ranged from 26 cm. to as high as 76 cm. Certain areas of Rajkot district received 9" to 14" of rainfall within six hours. Heavy rainfall caused widespread overflowing of dams, tanks and rivers, with extensive damages to public and private properties.

[Shri Birendra Singh Rao]

The worst affected districts are Kutch, Jamanagar, Junagarh, Amreli and Rajkot. The State Government has estimated that 10 lakh persons... *(Interruptions)*

SHRI JYOTIRMOY BOSU: On a point of order.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Mr. Speaker, Sir, are you satisfied that we have spent 20 minutes usefully on this, all this time? All this talk they could have done in your chamber itself.

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): My point or order is this:

> There is a Minister for Irrigation. This is to be replied by him. I have seen during my four Lok Sabhas,—never the Agriculture Minister comes to reply to this. This is to be replied to by the Irrigation Minister. What is all this?? Sir, you are the custodian of the rights of the House. This is not the way.

MR. SPEAKER: It is joint responsibility.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: No, Sir. It is the Irrigation Minister who should reply. We cannot be treated like this.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE (New Delhi): There is an Allocation of Business

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) अध्यक्ष महोदय, बाढ़ के सम्बन्ध मे सिचाई मंत्री ही जवाब देते है। श्री केदार पाडे को जवाब देना चाहिए। अगर सिचाई मंत्री की जगह कृषि मंत्री जवाब दे, तो यह एक गलत परम्परा होगी।

**अध्यक्ष महोदय** आप किसी को भी पकड सकते हैं। कोई भी जवाब दे सकता है। क्या जायंट रेसपांसिबिलिटी नही है?

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी**: मगर मंत्रियो का काम बंटा हुआ है।

MR. SPEAKER: Let him explain

SHRI JYOTIRMOY BOSU: On a point of order. There is the Allocation of Business Rules for sharing the responsibility in the Cabinet. This specifically comes under Irrigation. This is to be replied by the Irrigation Minister.

MR. SPEAKER: Let him explain.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Please don't denigrate the House like this.

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: It is a Calling Attention Motion to find out the assistance given by the Government to the flood-affected people. That is a question of relief. The subject of 'relief in natural disaster' comes under the Ministry of Agriculture.

**श्री रामावतार शास्त्री** यह परम्परा ठीक नही है। इरिगशन मिनिस्टर का काम क्या है?

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: It is exactly a question of relief for drought and flood. That is 'assistance'—that comes under the Ministry of Agriculture.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: It is a question of permanent solution. It is a question of flood also. How can you reply?

*(Interruptions)*

MR. SPEAKER: Order please. If you read the Calling Atention it reads: 'To call the attention of the Minister of Agriculture .'

**श्री राम विलास पासवान**: हम लोगो ने "सिचाई मंत्री" लिखा था।

**अध्यक्ष महोदय** इसमे एग्रीकल्चर मिनिस्टर लिखा हुआ है।

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: You have asked for assistance given. *(Interruptions)*

MR. SPEAKER: You have also asked for—

> 'steps taken by the Government to assist the flood-affected people'.

**श्री रामावतार शास्त्री** आप कालिंग एटेन्शन नोटिस को देखिए कि उसमे क्या लिखा हुआ है। उसमें "इरिगशन मिनिस्टर" लिखा है, "एग्रीकल्चर मिनिस्टर" नही। एग्रीकल्चर मिनिस्टर ने चीनी के बारे मे जवाब दिया, और चीनी नही मिल रही है।

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Mr. Vasant Sathe is Minister for Rehabilitation; he cannot reply for Mr. Birendra Singh Rao. Mr. Birendra Singh Rao does not represent the Irrigation Minister at all. He does not come into the picture at all. (*Interruptions*). Don't interrupt. Let reply to this (*Interruptions*)

श्री रामावतार शास्त्री : अध्यक्ष महोदय, मेरी नोटिस में क्या चीज लिखी है ?

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Sir, I have to make a submission. If I go to the Home Minister for this, do you think that the Home Minister will reply to this? (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: You have addressed this Department in your Calling Attention Notice. This Department deals with provision of relief. (*Interruptions*).

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: Not only relief. (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय यह बात बहुत गलत है अगर ऐसा करेंगे आप लोग ।

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: You are not listening to my point. (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: As per the list of business mentioned under item 6, that is, Calling Attention, we have directed the Minister of Agriculture to reply to this.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: What is the function of the Agriculture Ministry?

MR. SPEAKER: Providing relief and assistance to the people. (*Interruptions*).

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Sir, kindly don't try to teach us this thing. (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: Shastriji I have received your signed copy.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: The mistake should be accepted and this item should be referred to the Irrigation Ministry. (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Relief and assistance for the flood-affected people are provided by this Ministry.

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: For the information of the hon. Members I would submit that the question relates to the provision of relief and assistance to the flood affected people. (*Interruptions*).

Under the Rules of Business, relief comes under the Ministry of Agriculture. It is a question of providing relief and I would submit that Mr. Bosu is not concerned with this question. If Mr. Shastri is not satisfied with my reply to his Calling Attention Motion, he might not put a question and he might give another Calling Atention Notice. (*Interruptions*).

श्री ज्योतिर्मय बसु हमारा निवेदन यह है ।

अध्यक्ष महोदय आप का निवेदन तो मैंने सुन लिया । आप का निवेदन यह है कि हाउस न चले ।

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: Why do you put a question, Mr. Bosu? You are not rectified to raise any question because your name is not under Item No. 6 of the list of Business. My attention has been called for by Mr. Paswan and others and I will reply to them. (*Interruptions*)

SHRI JYOTIRMOY BOSU: This does not concern your Ministry.

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: You are not concerned with this. They have raised this question. I am replying to them Others cannot raise any question on this. (*Interruptions*).

During the peirod from the 1st June, 1980 to the 2nd July, 1980, Saurashtra and Kutch region has 36.2 per cent of the normal rainfall. As against 9 c.m. of rainfall, it received 33 cm. Railfall was concentrated

[Shri Birendra Singh Rao]

particularly after the 24th June, 1980 and from that date till the 5th July, 1980 railfall in places like Ahmedabad, Rajkot, Veraval, Porbander, Bhuj, Bulsar and Amreli ranged from 26 cm. to as high as 76 cm. Certain areas of Rajkot district received 9" to 14" of rainfall within six hours. Heavy rainfall caused widespread over-flowing of dams, tanks and rivers with extensive dimages to public and private properties.

2. The worst affected districts are Kutch, Jamnagar, Junagarh, Amreli and Rajkot. The State Government has estimated that 10 lakh persons have been affected one way or the other. More than 25400 persons have been evacuated to safer places and about 5000 persons have been kept in 10 relief centres organised by the State. Ten thousand animals have been rescued and 200 are feared to be dead or to have been washed away. 1500 hutments and 500 houses have been damaged or destroyed in Kutch and Rajkot districts. Damage in Junagarh district is yet to be assessed. For talukas, *viz.*, Kalawad, Dwarka Maliahatina and Mungarole which remained unapproachable, have now become accessible. Thirty-eight medium or minor irrigation dams or tanks had been overflowing. Three medium irrigation dams and four irrigation tanks besides 227 minor irrigation tanks, have been damaged in varying degrees, but all major dams are safe. One railway bridge in Junagarh has also been washed away. Roads including one national highway have also been damaged.

3. The State Government have so far confirmed 18 deaths. On behalf of the Government I extend our heartfelt sympathies to the bereaved and suffering families. The State Government is in the process of assessing loss of animals, crops and damages to private and public properties.

4. Mitti Dam under construction in Kutch district had a water level of 18.70 metres against its wasteweir crest at 18.50 metres due to torrential rainfall of 418 mm in the catchment areas in six days. Danger of breach of dam was feared, as in 250 metres of partially completed length of the dam its height was only 20 metres as against the designed height of about 24 metres. However, timely precautionary measures were taken with the help of the Army and the Air Force jawans for the safety of the dam. The water has now receded to a level of 16.4 metres.

5. The people from Sukhpur, Vadsar, Chhasra, Carvandh and Kosha had been evacuated to safer sites. Hamisar lake near Bhuj also overflowed by 4 ft. and about 170 persons were moved to safety. Now that the water level has gone down, these persons have gone back.

6. Very heavy rains in Saurashtra region resulted in overflow of several medium/minor irrigation dams like Kalindri, Hasanapur, Mujiassar, Bhadra, etc., and several rivers were also in spate. Rail and road communications were dislocated at several places.

7. There was heavy downpour of rains in Malia Hatina and surrounding areas of Junagadh district. About 125 villages in this Ghed area and also areas in and surrounding Mongrol village in this district were marooned by flood waters. Assistance of the Army and the Air Force was sought for rescue and relief operations. Food packets were dropped from helicopters.

8. There was heavy downpour ranging between 150 mm. to 350 mm. in one day during the period in Rajkot, Amreli, Jamnagar, Surendranagar and Bhavnagar districts in the Saurashtra region. The population was warned through radio bulletins for shifting. Those living in low lying villages were evacuated to safer places and provided with food and shelter. All precautionary and timely measures for evacuation and

rescue operations and providing immediate relief were taken by the Government. Valsad district in South Gujarat also experienced heavy downpour of rain ranging between 250 mm. to 405 mm. in 24 hours. People living in low lying areas were evacuated to safer places.

9. The Chief Minister, the State Minister of Irrigation along with senior officers made an aerial survey of Mitti dam and Bhuj areas on the evening of the 5th July, 1980.

10. According to the State Government, Major rivers like Tapti, Narbada, Daman Ganga, Mahi, Banas, Sabarmati are not in appreciable floods. Further, water levels in major reservoirs like Ukai, Kardana, Panam, Sabarmati, Dantiwada are much below full supply level. Water levels all over are now receding.

11. Standing instructions had been issued to all concerned by the State Government for flood control and vigilance. Flood warnings were issued to the Superintending Engineers, Executive Engineers, Collectors, District Police Officers etc.

12. Providing relief to the victims of natural calamities fall within the purview of the State Government. If the resources of the State Government are not adequate and the calamity is of considerable dimension, the State Government seeks Central assistance which is given on the basis of the report of the Seventh Finance Commission. The margin money allowed annually for Gujarat on the basis of the Report of the Seventh Finance Commission was increased from Rs. 4.55 crores to Rs. 9.56 crores on 1-4-1979 for meeting immediate relief expenditure.

13. The Central Government has been laying great emphasis on disaster preparedness and disaster prevention so that avoidable loss of property and human distress is eliminated. In the beginning of June when normal or above normal rainfall during the current monsoon was expected, a letter was sent inter alia to the Chief Secretary, Gujarat enclosing a copy of a Model Action Plan for Disaster Preparedness for floods. It was requested that necessary instructions might be issued to the headquarters and field level officers to take all preparatory action to meet any contingency due to floods.

14. The D. O. letter of the 10th June, 1980 was followed up by a telex message on the 2nd July, 1980 to the Chief Secretary, Gujarat and others reminding them of the actions suggested earlier and requesting them to intimate the steps taken by the State Government on these points with particular reference to liasion with the Armed Forces and giving timely warning for evacuation of people and live-stock from areas prone to floods, to safer places.

15. No Central assistance apart from assistance from the Armed Forces which the State Government is authorised to obtain from the local commenders, has been sought by the State Government, so far. The Army, the Air Force and the Navy are ready to render all possible assistance as asked for by the State Government. An expert team is being sent to the affected areas by the Ministry of Irrigation which is the nodal agency for flood control measures. Sending of a Central Team for assessing the requirement of the State Government for Central assistance will be considered as soon as such a request is received from the State Government. The situation is being continuously watched.

**श्री राम विलास पासवान :** अध्यक्ष महोदय, चूंकि अब फ्लड का समय है, और पूरे देश के विभिन्न भागों में बाढ़ की विभीषिका आएगी, इसलिए मेरा आग्रह है कि इस विषय पर थोड़ा और गंभीर रूप से विचार करें ।

अध्यक्ष जी, सूखा और बाढ़ इस देश के लिए अभिशाप हैं । एक तरफ जहां प्रतिवर्ष बाढ़ से नुकसान और सरकार का जो बाढ़ सहायता में खर्च होता है, दोनों मिल कर अरबों रुपया तक खर्च हो जाता है, वहीं दूसरी ओर यहां सूखे की चपेट भी कम नहीं है । देश की 1/5 भाग जमीन हमेशा सूखे की चपेट में चली जाती है ।

[श्री राम विलास पासवान]

सर्वप्रथम हमें यह पता लगाने की जरूरत है कि बाढ़ की उत्पत्ति कहां से होती है, क्योंकि बाढ़ के लिए बहुत सारी योजनायें बनाई गई हैं और इस पर 1978 में जब इस सदन में बहस हो रही थी तो बताया गया था कि उस समय तक 633 करोड़ रुपया फ्लड-कन्ट्रोल के लिए खर्च किया गया है। इस लिए हमें देखना होगा कि बाढ़ कहां से आती है? हमारे यहां जो प्रमुख नदियां हैं, उन में कोसी, कर्नाली, गण्डक, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, कावेरी—ये सारी नदियां आती हैं। मंत्री महोदय कोसी को देखेंगे तो कोसी का जो जल-ग्रामेट क्षेत्र है वह सब से अधिक है। वह है—23990 वर्ग मील तथा यह हिमालय से निकलती है। कर्नाली जो आगे चल कर घाघरा हो जाती है, इस का जल-समेट क्षेत्र 20600 वर्ग मील है। गण्डक का 14600 वर्ग मील है, काली का 6300 वर्ग मील है, यमुना का 4500 वर्ग मील है, राम गंगा का 2600 वर्ग मील है और ब्रह्मपुत्र का जो मानसरोवर से निकलती है, जो इस समय चाइना के अधीन है...

**अध्यक्ष महोदय** : आप बहुत दूर चले गये।

**श्री राम विलास पासवान** : जहां से निकलती हैं, वह बतला रहा हूं। मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा—नदियों, जो प्रति वर्ष पानी बहाती है, वह 1.66 मिलियन क्यूबिक मीटर है। प्रतिवर्ष जो वर्षा होती है वह 400 मिलियन हैक्टेयर मीटर है और मैं सरकार से उपयोग के लिये पानी खर्च हो पाता है वह है—60 मीलियन हैक्टेयर पानी। इसका क्या कारण है? इसके दो कारण है—एक तो यह कि आपकी जो नदियां है, उन नदियो मे पानी रखने की कैपेसिटी नही रहती है और दूसरे—जो आपका ड्रेनेज सिस्टम है, वह सही नही हैं—ये दो मुख्य कारण है।

अब मैं वे आकड़े देना चाहूंगा कि बाढ़ से प्रति वर्ष कितना नुकसान होता है। आपकी रिपोर्ट के मुताबिक बाढ़ से प्रति वर्ष 1452 करोड़ रुपये की फसल का नुकसान होता है। 7.4 मिलियन हैक्टेअर जमीन बाढ़ से प्रभावित होती है, जिसमें 50 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि होती है। 1954 से मार्च, 1978 तक 633 करोड़ रुपये से ज्यादा बाढ़ नियंत्रण पर खर्च हुआ है। 1978 मे बाढ़ और चक्रपात से 1091 करोड़ रुपये की क्षति हुई, जिसमें से 67 प्रतिशत क्षति केवल बिहार और उत्तर प्रदेश में हुई।

12.43 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair*]

अभी आप गुजरात की चर्चा कर रहे है। मैंने मंत्री महोदय की रिपोर्ट को पढ़ा है। उसमे मंत्री महोदय ने कहा है कि वहां 18 आदमी मरे हैं, जबकि आज ही सवेरे रेडियो सुन रहा था, उसमें बताया गया कि 20 आदमी मरे है। अखबारों में भी 20 आदमियों के मरने की बात कही गई है। यह संख्या कम भी हो सकती है, ज्यादा भी हो सकती है। लेकिन जो आपका रेडियो है, जो सरकारी मशीनरी है, वह कहता है कि 20 आदमी मरे हैं, तो आप 18 कैसे कहते हैं। जो गवर्नमेंट का मास-मीडिया है, उस पर से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। जब सरकार कहती है कि इतने आदमी मरे है, तो लोग यह समझते हैं कि इससे कही ज्यादा मरे होंगे।

हमारे यहा बिहार मे कोसी का भयकर प्रकोप होता है, गंगा का भयंकर प्रकोप होता है, पाडे जी यदि इस समय आपके स्थान पर होते तो वे इस संबंध में ज्यादा एनलाइटन कर सकते थे। लेकिन हमारे मंत्री जी कहते है कि वे सारी चीजो को जानते हैं और जब जवाब देना शुरु करेंगे तो बतलायेगे। मैं यह निवेदन करना चाहता हू कि बाढ़ का मामला गुजरात तक ही सीमित रहनेवाला नही है, बिहार, उत्तर प्रदेश और असम मे सबसे भयंकर बाढ़ आने वाली है। आज सरकारी रेडियो में कहा गया है कि 68000 करोड़ की कोई व्यापक योजना सरकार बनाने जा रही है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हू कि बाढ़ की समस्या किसी एक राज्य की समस्या नही है, यह राष्ट्रीय समस्या है। जब मैं सरकार की रिपोर्ट पढ़ रहा था, तो उसमे सरकार ने कहा है--

"Flood control forms part of the State sector and therefore the initiation, formation and implementation of flood control has been the responsibility of the State Government

मै आपसे कहना चाहता हू कि यह बिलकुल गलत चीज है। जब तक आप इसको राज्य की सूची में रखते रहेंगे तब तक कोई व्यापक नीति नही बना सकेंगे। जब भी किसी राज्य मे बाढ़ आती है, कही चना बाट देते है, कही गुड बाट देते हैं, कही नाव चला देते है, और कहते है कि बाढ की समस्या का समाधान हो गया यही लगातार होता आया है। हम लोगो ने जब लास्ट टाइम जो डीस्कशन मे भाग लिया था, तो उस समय एक सुझाव दिया था लेकिन वह तो भारत सरकार के लिए एक दिवास्वप्न है। मेरा सुझाव यह था कि

girdling canal all over the country

हिमालय के बगल से एक नाला बना लें। मैं यह भी बताना चाहता हू कि एक बहुत विस्तृत प्लान दस्तूर और डा0 के0एल0 राव ने गंगा और कावेरी को मिलाने के बारे में दिया था।

**एक माननीय सदस्य** : गारलैंड कैनाल का प्लान था।

**श्री राम विलास पासवान:** मैं समझता हूं कि जिस तरीके से काम चल रहा है, यह सरकार के लिए दिवा-स्वप्न की बात है। सरकार के लिए कोई चीज बड़ी नहीं होती है लेकिन सब से बड़ी बात नीयत की होती है। अगर काम करने की नीयत नही होगी, तो कोई काम नही होगा। मै अभी एक रिपोर्ट देख रहा था और उस में यह था कि चीन में दो बड़ी नदियां है यांगसियांग और हवांगहो। यह सब से दुखदायी मानी जाती थी लेकिन उस नदी को वहां की सरकार ने सब से ज्यादा सुखदायी नदी बना दिया। भारत सरकार यदि चाहे तो गंगा, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा और कावेरी आदि जो बड़ी नदिया है, इन को जोड़ कर सुखदायी बना सकती है। गगा आप की बड़ी पवित्र नदी है लेकिन उस नदी मे भी बाढ़ आती है। गगा के जिस पानी को लोग कोसों दूर ले जाकर महादेव जी के माथे पर चढ़ाते है, उसी गंगा में बाढ़ आती है, तो लोग वहां से भागना शुरु कर देते हैं और वह दुखदायी हो जाती है। गंगा की पवित्रता कायम रहे, ब्रह्म-पुत्र की पवित्रता कायम रहे, इस के लिए सरकार को कोई ठोस योजना बनानी पड़ेगी और मै तो कहूंगा कि राष्ट्रीय स्तर पर ही नही, मंत्री महोदय को इस समस्या को सुलझाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बात चलानी पड़ेगी।

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is about Gujarat. You have not yet said anything about Gujarat.

**श्री राम विलास पासवान:** हम ने पहले ही स्पीकर साहब से अनुमति ले ली थी कि मै इन बातों को उठाऊंगा। तो मैं यह कह रहा था कि यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का भी मामला है। बहुत सी ऐसी नदियां है जिन का सम्बन्ध भारत के साथ-साथ चीन से भी है, जहां से नदी निकलती है, भारत और बंगला देश से भी नदियो का सम्बन्ध है भारत और पाकिस्तान के साथ भी सम्बन्ध है और भारत और नेपाल के साथ भी सम्बन्ध है। इस तरह से हिमालय के आस पास जितने सारे देश है, उन के साथ मिल कर आप को बाढ नियंत्रण के लिए प्रभावशाली कदम उठाने पड़ेगें।

होता क्या है कि यहा के जो इंजीनियर है, वे प्रति वर्ष यू० के० चले जाएंगे प्रति वर्ष यू० एस० ए० चले जाएगे और एक मोटी सी रिपोर्ट 700, 700 पेजेज की लिख कर दे देगे लेकिन मै मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि यहां की जो इतनी सारी नदिया है, उन के बारे मे वे क्या कर रहे है। हजारो करोड़ो रुपया बहा दिया गया है और बाढ़े रुकती नही है। यहा पर ब्रह्मपुत्र है, गगा है, यमुना है, पुनपुन है, कोसी है, भागरीथी है, बूढ़ी गंडक है, घाघरा है, राप्ती, मरही, शारदा, बलान, छोटी गडक और बागमती आदि नदिया हैं, ये जितनी नदियां हैं, आज इन के पानी से जो बाढ आती रहती है, वे कभी रुकी नही हैं। रिपोर्टें आती रहती हैं लेकिन कुछ हुआ नही है। आज हिमालय में पेड़ काटे जा रहे हैं और रिपोर्ट में यह बात आती है कि पेड़ कटने से लैंड स्लाइड होता है, लेकिन सरकार कुछ नही करती है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार को फारेस्ट पालिसी के सम्बन्ध मे भी अपनी पालिसी को रिवाइज करने की आवश्यकता है। अभी हमारे श्री ज्योतिर्मय बसु ने कहा कि श्री के० एल० राव आयोग बना और दस्तूर आयोग के बारे मे भी उन्होने कहा। मै सरकार से कहना चाहता हू कि आपने ब्रह्मपुत्र फ्लड बोर्ड बनाया। हमारे यहां कोसी सब से भयंकर नदी है, गगा सब से भयंकर है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please allow something for Mr. Ramavatar Shastri; you are exhausting everything.

**श्री राम विलास पासवान:** मै प्रश्न पूछ रहा हू। सरकार सहायता का काम करती है लेकिन एक तरफ तो सरकार सहायता देती है, छोटी-मोटी सहायता, कही जा कर चना दे दिया, कही शक्कर दे दी और इस तरह से सारा मामला खत्म हो जाता है लेकिन दूसरी तरफ बाढो की रोक थाम के लिए कोई ठोस कदम नही उठाती। श्री केदार पाडे जी यहा बैठे हुए है। वे जानते है कि बिहार मे गगा के कटाव से करोड़ो रुपये का घपला हो जाता है। एक तरफ सरकार रुपया खर्च करती है लेकिन दूसरी तरफ उस का एक चौथाई भी ठीक तरह से खर्च नही होता है। 60 परसेंट रुपया अफसरो की जेबो मे चला जाता है। और 40 परसेंट ठेकेदार की जेब मे चला जाता है। एक लाख बोल्डर गिराने का एस्टीमेट बनता है लेकिन गिरता है सौ बोरा ही। बाढ पीड़ितो के लिए इसमें क्या पुनर्वास की, बाढग्रस्त गावों को ऊंचा करने की भी योजनाये है। यह भी बताये।

अब मै मंत्री महोदय से प्रश्न पूछना चाहता हू। मेरा प्रश्न है कि क्या सरकार यह जो प्रत्येक वर्ष बाढ की विभीषिका आती है उस विभीषिका को रोकने के लिए अलग से मंत्रालय बनायेगी? क्या इस विषय को केन्द्रीय सूची मे रखेगी। क्या सरकार बाढ की रोकथाम के लिए चीन, पाकिस्तान बगलादेश और नेपाल से बातचीत करेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि प्रत्येक डैम का राज्यवार क्या ब्योरा है? इस डैम का निर्माण कार्य कब से शुरू हुआ, कितनी इसकी आयु है? कितना इसका इम्प्लीमेंटेशन हुआ और कितना इम्प्लीमेंटेशन नही हुआ? आज सवेरे मे हमने आकाशवाणी पर सुना है कि सरकार राष्ट्रीय स्तर पर कोई योजना शुरू करने जा रही है जिससे कि हिमालय के पानी को डाइवर्ट करके दूसरी नदियों में भेजा जा सके? यह योजना या क्या है? क्या सरकार बाढ के नाम पर जो लूट हो रही है

उसको रोकेगी ? गुजरात के सम्बन्ध में सरकार ने जो गलत बयान दिया है कि वहां 18 आदमी मरे हैं, जबकि वहां 21 आदमी मरे है, यह कहां तक सही है? क्या सरकार इसकी सफाई करेगी ?

**श्री बीरेन्द्र सिंह राव** : यह काल अटेंशन गुजरात के मुतल्लिक है और माननीय सदस्य ने चीन, पाकिस्तान की बात कह डाली है। पहले तो माननीय सदस्य ने पूछा कि बाढ़ कहां से आती है, इसका पता लगाया जाए। गुजरात के मामले में पता कर रखा है। यह बाढ़ आसमान से आती है। समुद्र से उठ कर सीधे पानी बरसा और बाढ़ आ गयी। जिन जिलों में बाढ़ आयी उनमें इतना भारी पानी बरसा कि उनमें बाढ़ आना स्वभाविक था।

कच्छ के अन्दर सालाना एवरेज 340 मिलिमीटर बारिश होती है और दस दिन में वहां 800 मिलिमिटर बारिश हुई। जूनागढ़ में एक साल में एवरेज 843 मिलिमिटर बारिश होती है वहां दस दिन के अन्दर 1341 मिलिमीटर बारिश हुई। इसी तरह से जामनगर में एवरेज सालाना 466 मिलिमीटर होती है वहां दस दिन के अन्दर 1079 मिलिमीटर बारिश हुई। (व्यवधान) दस मिलिमीटर का एक सैन्टीमीटर और करीब ढाई सैन्टीमिटर का एक इंच होता है। आप कौन से स्कूल में पढ़े हैं ? आप किसी पब्लिक स्कूल में पढ़े मालूम होते हैं। इसी तरह से अमरेली में सालाना रेनफाल 515 मिलिमीटर है वहां इसके मुकाबले में 472 मिलिमीटर वर्षा दस दिन में हो गई। राजकोट में तो बहुत ज्यादा पानी पड़ गया। वहां का सालाना एवरेज रेनफाल 599 या 600 मिलिमीटर है लेकिन वहां पानी पड़ गया 1150 मिलिमीटर। इस तरीके से सीधे बाढ़ आयी है, इसमें किसी हेराफेरी से नहीं आयी है।

यह तो मैंने जिलों का ब्योरा दिया है। बहुत-सी जगहों पर पानी बरस पड़ा "वोल्ट्स फ्रोम द ब्ल्यू" का आदमी कहां तक इंतजाम कर सकता है। उसके लिए फ्लड कन्ट्रोल मेजर्स हमारे हैं। आपने पूछा कि इस के लिए क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं, यह सवाल अगर आपको पूछना है तो मेरे माननीय दोस्त से पूछिए जो कि इरीगेशन और फ्लड कन्ट्रोल के महकमें के इंचार्ज हैं। उन से सवाल करने के लिए एटेंशन उनकी आकर्षित कीजिए, वह सारा जवाब दे देंगे। मैं मुख्तसिर में इतना ही बताना चाहता हूं कि सरकार फ्लड कन्ट्रोल पर बहुत ज्यादा ध्यान दे रही है। मुतहबना अगर आप करें तो आपको पता चलेगा कि जहां 1969—74 के लिए फ्लड कन्ट्रोल के लिए 162 करोड़ रुपया पांच साल में रखा गया था वहां 1980-81 में यानी इसी साल के अन्दर हम 168 करोड़ का प्रोविजन कर रहे हैं। इससे आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि कितना ध्यान इस ओर दिया जा रहा है। सरकार की योजना है कि 1985 तक फ्लड कन्ट्रोल के लिए सैन्टर और स्टेट्स के प्लांज में तीन सौ करोड़ रुपया सालाना तक *प्रोवाइड किया जाये। इस तरह से यह सब काम जो आपने बताये हैं देखे जा रहे हैं। स्टेट प्लान्ज बनते हैं, यहां उनको मंजूरी मिलती है और जितनी ज्यादा से ज्यादा राशि इस सिलसिले में खर्च की जा सकती है उसके मुताबिक इंतजाम किया जाता है।

**श्री राम विलास पासवान** : केन्द्रीय सूची में इस विषय को रखने और बाढ़ मंत्रालय बनाने के बारे में भी तो कहें।

**श्री बीरेन्द्र सिंह राव** : बाढ़ मंत्रालय तो बना हुआ है केन्द्र में। यह पांडे जी बैठे हैं आपके बिहार के और आपको दिखाई नहीं दे रहे हैं। और कौन सा अलग बनवाएंगे आप ?

अठारह आदमियों की मैंने बताया है जाने गई हैं इस बाढ़ में। जो कल शाम तक हम इनफर्मेशन ले सके हैं और फोन से कल शाम छः बजे तक हमें जो इत्तिला गुजरात सरकार से मिली, उसके मुताबिक अठारह आदमियों की जानें गई थीं। आपने रेडियो और अखबारों का जिक्र किया है। अगर सरकार की निसबत माननीय सदस्य अखबारों पर ज्यादा एतबार करते हैं तो मुझे कुछ नहीं कहना, वह एतबार कर लें। मुझ से पूछें तो मैं वही बता सकता हूं जिस की तसदीक हो चुकी है। बगैर तसदीक के कोई बात मैं इस हाउस में नहीं कहता।

जहां तक डैमेज के एसेसमेंट का सवाल है, कुछ इलाकों में अभी एसेसमेंट हो रहा है। जामनगर के अन्दर पूरे नुकसान का पता नहीं लगा है। हो सकता है और जहां जहां ज्यादा नुकसान हुआ है उसका ब्यौरा हमारे पास बाद में पहुंचे। मैं यकीन दिलाता हूं कि हम इस मामले में पूरी तरह से सतर्क हैं और जितना हम इंतजाम कर सकते हैं कर रहे हैं। जहां तक फूड की बात है हैलीकाप्टर से फूड पैकेट्स भी गिराए गए हैं। आर्मी, नेवी आदि मदद कर रहे हैं। लोगों को बचाया भी गया है। मवेशियों को बचाया गया है। बाढ़ में से लोगो को निकाला भी गया है। सरकार इस मामले में पूरा इंतजाम करने के लिए तनदही से काम कर रही है।

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को बहुत होशियारी के साथ गुजरात तक सीमित कर दिया गया है। मेरे ध्यानाकर्षण के प्रस्ताव को आप देखें जिस का नोटिस मैंने दिया था तो आपको पता चलेगा कि उसमें असम भी जुड़ा हुआ था और 'अन्य' करके और राज्यों की चर्चा भी थी। ऐसा आपको नहीं करना चाहिए था क्योंकि गुजरात के अलावा तीन आदमी मरे हैं जो अभी तक अखबार में निकला है असम में और बाढ़ कर्नाटक में भी है, केरल में भी है, तो आपने इसको गुजरात तक सीमित कर दिया और एक लक्षमण रेखा आपने खींच दी। यह नहीं होना चाहिए था।

मैं यह कहना चाहता हूं

सरकार की अजीब माया
कहीं धूप कहीं छाया।

इसका अर्थ यह हुआ कि पिछले 33 वर्ष मे सरकार की गलत नीतियों की वजह से, जन विरोधी नीतियों की वजह से हर साल हमारे देश मे कुछ राज्यो में भयंकर बाढ़ आती है।

13.00 hrs.

कुछ राज्यों में सुखाड़ रहता है और सरकार को सहायता कार्य में अरबों रुपया खर्च करना पड़ता है।

मैं भी ऐसे सूबे से आता हू जहा हर साल बाढ़ आती है और खतरा है कि इस साल भी बाढ आयेगी और कुछ इलाकों मे अभी सुखाड़ भी है जिसमें हमारे क्षेत्र का भी कुछ हिस्सा शामिल है। स्थिति ऐसी है, लेकिन इन्होंने इसको गुजरात तक ही सीमित कर दिया।

गुजरात के 7 जिलों की चर्चा इन्होने की है अपने वक्तव्य मे जहा भारी वर्षा हुई है और 5 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। वह हैं जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, कच्छ और राजकोट। ये जिले सबसे ज्यादा बाढ़ से पीड़ित है, 10 लाख लोग प्रभावित हैं। इनके मुताबिक 18 मरे और रेडियों के मुताबिक 20 मरे। असम मे 3 मरे जैसा कि में पहले ही कह चुका हू। 200 मवेशियो के मरने की खबर है। गुजरात सरकार से जो जो सहायता कार्य की सूचना मिली, इन्होंने उसका भी विवरण दिया है और इन्होने यह भी बताया है कि 38 बांध बड़े-बडे टूटे, 227 छोटे जलाशय नष्ट हो गये इस तरह से बड़े पैमाने पर गुजरात का संहार हुआ। अरबों की क्षति हुई होगी। सरकार की जवाबदेही के मुताबिक यह कहते है कि हम सहायता के लिये तैयार है, लेकिन राज्य सरकार ने सहायता मांगी नहीं।

राज्य सरकार क्या सहायता कर रही है? इस पर इन्होने कहा कि हेलिकोप्टर से भोजन गिरा रही है, क्या गिरा रही है सहायता का विवरण क्या है? कितनी राशि दी जा रही है, किरासिन कितना दिया जा रहा है, नमक, दियासिलाई और रोटी का क्या हाल है, ऐसी विपत्ती मे सरकार की तरफ से क्या सहायता दी जा रही है इन बातो का कोई जिक्र इस वक्तव्य में नहीं है। वैसे वक्तव्य लम्बा चौड़ा है, लेकिन इन बातो के बारे में हम जानना चाहते थे ताकि हिन्दुस्तान की जनता, दूसरे राज्यों की जनता यह जान सके कि अगर कही ऐसी मुसीबत दूसरी जगह आयेगी तो इस प्रकार की सहायता उन्हें भी मिल सकेगी। इसका जिक्र कहीं नहीं है।

बाढ आई है 1 जुलाई को और मुख्य मंत्री वहा जाते है 5 जुलाई को। यह हाल आप देख लीजिये कि वहां की सरकार कितनी सजग है। बाढ पीड़ितों को सहायता देने के लिये कितनी तैयार है, इसका प्रमाण इससे मिलता है। 5 तारीख को मुख्यमंत्री जाते है ऐसा स्टेटमेंट में लिखा हुआ है।

दूसरे राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश और बिहार में भी बाढ़ आने का खतरा है। इन तमाम बातों को दिमाग में रखते हुए मैं यह जानना चाहता हू कि सरकार ने जो एक माडल योजना तमाम राज्यों को भेजी, जो कि बाढ़ से बचाव के सिलसिले मे है, तो उस माडल योजना के मुताबिक गुजरात सरकार ने कौन सी कार्यवाही बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिये और बाढ़ को रोकने के लिये की है? सरकार ने जो सहायता दी है, उसका ब्यौरा क्या है?

जहा तक इस समस्या की स्थायी हल का संबंध है, शायद मंत्री महोदय उसके बारे में नही बता सकेंगे, लेकिन किसी न किसी रूप में यह बात सदन के सामने आनी चाहिए कि सरकार बाढ़ की समस्या का स्थायी हल कैसे निकालना चाहती है, और किस रूप में निकालना चाहती है। मैं दस साल से यहां हू। हर साल बाढ आती है और इस सदन में उसपर बहस भी होती है, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी आते है लेकिन बाढ़ की विभीषिका बढ़ती ही जाती है। अगर कही कुछ किया जाता है कोई योजना लागू की जाती है तो उसमे बाढ़ और बढ़ जाती है। मैं जानना चाहता हूं कि बाढ का स्थायी हल क्या है।

सरकार ने सूखाड और बाढ के समय सहायता करने के लिए प्राकृतिक विपत्ति कानून नेचुरल कैलेमिटीज एक्ट बना रखा है। यह एक्ट अंग्रेजो के जमाने का बना हुआ है। इसी एक्ट के मुताबिक गुजरात सरकार ने काम किया है। सभी राज्यो सरकारें इसी ऐक्ट के अनुसार कार्यवाही करती है। यह एक्ट बहुत पुराना है। मैं यह जानना चाहता हूं कि कि क्या सरकार ने इस कानून को बदलने के सिलसिले में कोई विचार किया है, अगर किया है, तो वह किस नतीजे पर पहुंची है। मैंने यह सवाल इस लिये उठाया है कि बिहार में सब जगह यह आवाज उठ रही है कि इस कानून में परिवर्तन किया जाये।

मैंने बड़े पार्यटड क्वेश्चन किये है, जो कि ज्यादातर गजरात की बाढ के सबंध में है। अन्य राज्यो को हम फिलहाल छोड देते है। बाद मे देखेंगे कि वहा क्या स्थिति बनती है।

**श्री बीरेन्द्र सिंह राव :** उपाध्यक्ष महोदय बाढ तो गुजरात मे आई और यह कालिग एटेन्शन नोटिस उसके बारे मे था, लेकिन शास्त्री जी ने भी आसाम और बिहार की बातें बीच में कर डाली उन्होने कहा कि कहीं धूप कहीं छाया। उन्होने भी कहीं का गीत कहीं गाया।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr Minister, you should not forget that he is 'Ram Avtar' belonging to the whole of India.

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: Sir, will remember!

शास्त्री जी ने जो पहला एतराज किया, उसके मुताल्लिक मुझे कुछ कहना है। उन्होंने कहा कि बड़ी होशियारी से कालिंग एटेन्शन को सिर्फ गुजरात के लिए सीमित कर दिया गया है। यह एक आक्षेप है चेयर पर और लोक सभा सेक्रेटेरियट पर। मुझे इसका जवाब नहीं देना है। लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि ऐसा नहीं कहना चाहिए। चेयर तो सब इलाकों के इन्ट्रेस्ट को वाच करती है।

**श्री रामवतार शास्त्री** : मैं ने चेयर को कुछ नहीं कहा है। मैं ने कालिंग एटेन्शन नोटिस में जो कुछ लिखा था, वही मैं ने बताया है।

**श्री बीरेन्द्र सिंह राव** : अगर आपके कहने के मुताबिक आपका मोशन बदल दिया गया है, तो उसका इल्जाम चेयर पर ही आता है। मुझे जो मोशन जिस हालत में मिला, मैं उसीका जवाब ही दे सकता हूं। शास्त्री जी ने हैलीकोप्टर से क्या गिराया गया, यह पूछा तो मैं जवाब दूंगा कि उस से फूड गिराया गया, 6–6 सौ किलो ग्राम के फूड के पैकेट गिराये गए। यह आप की इन्फार्मेशन के लिए मैं बता दूं। ...(व्यवधान) माडल ऐक्शन प्लान भारत सरकार की तरफ से पहले भी गए हुए थे और 10 जून को हम ने वहां से चिट्ठी लिखी, उस के मुताबिक स्टेट गवर्नमेंट को सजेस्ट किया गया कि स्टेट गवर्नमेंट को क्या ऐक्शन लेना है उस के लिए तैयार हो जायं। कंट्रोल रूप अपना बनाएं, हर डिस्ट्रिक्ट में कंट्रोल रूम अपना बनाएं और फलड कंट्रोल के मुहकमे को वार्निंग दे। हर जगह डिस्ट्रिक्ट में ब्लाक लेवेल पर यह पता कर कि कौन कौन से इलाकों में बाढ़ से ज्यादा नुकसान होने का अन्देशा है अगर बाढ़ आए तो, उस का पता करें, आइडंटिफाई करें और उन में दवाइयां, राशन, खेमे तथा दूसरी चीजों का इन्तजाम करें जिन की बाढ़ में जरूरत पड़ती है। आदमियों को निकालने के लिए बोटस का बन्दोबस्त करें। इन सब चीजों का बन्दोबस्त पहले से किया जाय और इस के मुताबित ऐक्शन प्लान लम्बा चौड़ा स्टेट गवर्नमेंट को क्या करना है, डिस्ट्रिक्ट में आफिसर्स को क्या करना है और ब्लाक लेवेल पर उस से नीचे के अधिकारियों को क्या करना है, यह सारी हिदायतें भेजी गई। उस के ऊपर स्टेट गवर्नमेंट ने अमल भी किया। गांधी नगर के अंदर स्टेट गवर्नमेंट का फलड कंट्रोल रूम काम कर रहा है.... (व्यवधान).... सारी चीजे आप को पहले बता दूं तो आप को पूछने का मौका कैसे मिले? गांधी नगर में स्टेट गवर्नमेंट का फलड कंट्रोल रूम एक सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के नीचे काम कर रहा है। डिस्ट्रिक्ट हेड क्वार्टर के ऊपर भी फलड कंट्रोल रूम बने हुए है, वक्त वे वक्त खबर देने के लिए सारा इंतजाम टेलीफोन वगैरह का किया गया है। जैसी हिदायत सेंट्रल गवर्नमेंट ने भेजी उस के मुताबिक सहायता देने के लिए जो करना चाहिए था वह स्टेट गवर्नमेंट ने पूरा किया। ...(व्यवधान)...बसु जी, करना तो हमें है, आप के बस का तो करना है नहीं कुछ।

मार्जिन मनी 10 करोड़ के करीब स्टेट गवर्नमेंट को साल में मिलती है। उस में से इम्मीडीएट जिस चीज की आवश्यकता है उस के लिए स्टेट गवर्नमंट खर्च कर सकती है। इसलिए यह जरूरी नहीं है कि जहां कहीं नुकसान हो तो एकदम सेंट्रल गवर्नमेंट से सहायता मांगी जाय और उस के बगैर काम न चले। जब दस करोड़ रूपये से काम नही चलता तो बाढ़ के लिए या दूसरी किसी मुसीबत के लिए स्टेट गवर्नमेंट सेंट्रल गवर्नमेंट से सहायता मांगती है और फलड के लिए काफी सहायता सेंट्रल गवर्नमेंट देती है। अगर उन को आगे सहायता की जरूरत पड़ेगी, सेंट्रल गवर्नमेंट से पैसा मांगने की आवश्यकता होगी तो स्टेट गवर्नमेंट जो सहायता के लिए पैसा खर्च करेगी 75 प्रतिशत उस का खर्च भारत सरकार बर्दाश्त करेगी। 25 प्रतिशत सिर्फ स्टेट गवर्नमेंट को देना पड़ता है। उस के लिय हम देख रहे है कि स्टेट गवर्नमेंट अपने आप काम चला लेगी, इस मुसीबत का मुकाबिला कर लेगी या भारत सरकार से मदद मांगेगी। अगर भारत सरकार से मदद मांगेगी तो हम जरूर मदद देंगे।

**श्री छीतूभाई गामित** (माण्डवी) : उपाध्यक्ष महोदय, गुजरात एक ऐसा राज्य है जहां बार बार कुदरती आफतें आती रहती है। गुजरात का करीब एक तिहाई भाग दायमी सूखा-ग्रस्त है। गुजरात में कई बार ऐसे इलाकों में अकाल पड़ता है तो कई बार भारी वर्षा के कारण गुजरात की छोटी मोटी नदियों में भयंकर बाढ़ आती है। कई बार भयंकर सामुद्रिक तुफान और साइक्लोन आते है। ऐसा लगता है कि गुजरात के साथ प्रकृति भी रूठी हुई है। इस से गुजरात के लोगों को करीब करीब हर साल प्राकृतिक मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।

अभी जो गुजरात में बाढ़ आई है उस की चर्चा करने से पहले गुजरात में पिछले दस बारह बरसों से जो कई बार ऐसी कुदरती मुसीबत आई है, गुजरात का करोड़ों रुपये का नुकसान जिस से हुआ है और गुजरात में जो विकास होना चाहिए उस विकास को इन मुसीबतों से जो रुकावट आई है उस की कुछ चर्चा मैं करना चाहूंगा। 1968 में गुजरात में ताप्ती, नर्मदा, पूर्णा और अंबिका आदि कई छोटी मोटी नदियों में भारी वर्षा के कारण भयंकर बाढ़ आई थी इससे सूरत, भड़ोंच, बलसाड़, जो साउथ गुजरात का एरिया है, वहां पर अरबों रुपए का बाढ़ से नुकसान हुआ 1970 में फिर से इसी नदी में भारी वर्षा के के कारण बाढ़ आई जिससे और भी ज्यादा नुकसान हुआ।

1972 में करीब सारे गुजरात में ऐसा सूखा पड़ा जो गुजरात क इतिहास में कभी नहीं पड़ा था। साथ ही कई जगहों पर भारी वर्षा के कारण बाढ़ भी आई। 1975 में फिर से भारी वर्षा के कारण गुजरात के 9 जिलों (सुरेन्द्र-

नगर, सूरत, राजकोट भड़ौच, बड़ौदा, मेहसाना, साबरकांठा, अमरेली, गांधीनगर आदि) में भारी बाढ़ आई जिससे करीब 50 लाख लोगों को नुकसान पहुंचा तथा 50 हजार घर एवं झोंपड़ियां नष्ट हो गईं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार करीब 60 करोड़ का नुकसान हुआ।

1976 में फिर से बाढ़ आई। अहमदाबाद गांधीनगर, बड़ौदा, पंचमहाल, जूनागढ़, सूरत आदि जिलों में भारी वर्षा से आई बाढ़ के कारण अरबों रुपए का नुकसान हुआ। लगभग 6 हजार गांव बाढ़ से प्रभावित हुए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Put your question to the Minister and follow it up with your speech.

श्री छीतूभाई गामित : 1979 में सौराष्ट्र, राजकोट एरिया में भारी वर्षा के कारण मच्छू बांध नं० 1 और 2 टूटने के कारण मानव संहार एवं करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ।

इस साल वर्षा के दिन आने से गुजरात के लोग जब अच्छे दिनों के स्वप्न देख रहे थे तब भारी वर्षा से भयंकर बाढ़ आने के कारण जो मानव संहार तथा भारी नुकसान हुआ है वह कभी भुला नहीं जा सकेगा। इस बार भारी वर्षा होने से सौराष्ट्र के राजकोट, कच्छ में कई छोटी मोटी नदियों में भारी बाढ़ आई है और कई सिंचाई के बांध पानी भरने से टूट गए हैं तथा पानी ऊपर से बह रहा है। सारे सौराष्ट्र एरिया में हजारों लोगों पर इस बाढ़ का असर पड़ा है तथा बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।

इस बैकग्राउन्ड में मुझे कहना है कि गुजरात में बराबर ऐसी प्राकृतिक मुसीबतें आती रही हैं जिसमें अरबों रुपए का नुकसान हर साल होता रहा है तथा उससे गुजरात के विकास में भी रुकावट पड़ी है। इस सम्बन्ध में भारत सरकार की ओर से जो सहायता दी गई है वह बहुत कम है। अभी मंत्री जी ने अपने स्टेटमेन्ट में जो 9 करोड़ 56 लाख की सहायता की बात कही है, मैं समझता हूं वह बहुत कम है, इसको ज्यादा से ज्यादा बढ़ाया जाना चाहिए।

दूसरी बात यह है कि किसानों को जो नुकसान हुआ है, उनकी जो फसल नष्ट हो गई है, क्या भारत सरकार की ओर से उनके लिए बीज, खाद आदि की व्यवस्था की जायगी?

तीसरे—मैं यह जानना चाहता हूं गुजरात में इस प्रकार की जो मुसीबतें आती रहती हैं उनका हल करने के लिए क्या भारत सरकार की ओर से कोई मास्टर-प्लान तैयार किया गया है या नहीं? यदि हां, तो उस पर कब तक कार्यवाही की जायेगी—मंत्रीजी यह बताने की कृपा करें।

इसके अतिरिक्त क्या गुजरात में बाढ़ से अफेक्टेड लोगों के लिए जो जरूरी दवाइयों की आवश्यकता पड़ेगी उनकी आपूर्ति भारत सरकार की ओर से की जायेगी या नहीं? साथ ही मैं यह भी जानना चाहता हूं कि भारत सरकार के जो अलग अलग मंत्रालय हैं वे आपस में कोआपरेट, कोआर्डिनेट करके जितनी भी साहायता की जरूरत पड़ेगी वह सहायता गुजरात को देंगे या नहीं? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि इन सारी परिस्थितियों को अध्ययन करने के लिए भारत सरकार की ओर से विशेषज्ञों की कोई टीम भेजी जाएगी या नहीं जो वहां पर तुरन्त आवश्यक चीजों को दे सके? गुजरात में हर बार बाढ़ से भयंकर नुकसान होता आया है, क्या भारत सरकार इस ओर भी ध्यान दे रही है या नहीं? यदि भारत सरकार द्वारा कोई टीम भेजी जा रही है, तो क्या वह, वहां पर जो बान्ध बने हैं उन की क्षमता का फिर से अध्ययन कर उन बांधों की ओर भारत सरकार का ध्यान दिलाएगी या नहीं?

श्री वीरेन्द्र सिंह राव : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने मौजूदा दिनों में जो बाढ़ आई, उसके साथ पिछले पांच वर्षों में जो नुकसान हुआ है, उसकी इनफार्मेशन हाउस को दी। इसमें कोई शक नहीं गुजरात में बहुत से इलाके ऐसे हैं, जहां पर हर साल बाढ़ आती है और भारी नुकसान होता है।

जहां तक भारत सरकार का ताल्लुक है, गुजरात राज्य को सहायता पूरे तौर पर दी जाती है। स्टेट के अन्दर 9 करोड़ 56 लाख रु० मार्जिन एलोकेशन है, जिसके तहत यदि कोई मुसीबत आए तो गुजरात सरकार फौरन उस कार्य के लिए रुपया खर्च कर सकती है, और इससे फालतू खर्च होता है, तो गुजरात सरकार उसके बाद भारत सरकार को सहायता के लिए लिख सकती है। गुजरात सरकार की ओर सहायता के लिए, जितनी उसकी मांग होगी उसके ऊपर गौर किया जायेगा पिछले साल में भी गुजरात सरकार को और दूसरे प्रान्तों की बनिस्पत सबसे ज्यादा बाढ़ की सहायता के काम के लिए सहायता दी गई थी। सन 1979-80 में 50 करोड़ 60 लाख रु० गुजरात प्रान्त को बाढ़ की सहायता के लिए स्वीकृत किया गया जो कि एक बहुत बड़ी रकम होती है माननीय सदस्य का यह कहना ठीक है कि गुजरात में काफी सहायता नहीं दी जाती है।

जहां तक स्थायी फ्लड कन्ट्रोल के कामों का ताल्लुक है, मैंने पहले भी अर्ज किया है कि स्टेट का मास्टर-प्लान होता ही है और सैंट्रल गवर्नमेंट भी प्लानिंग कमीशन द्वारा उसके ऊपर विचार करती है और इरिगेशन मिनिस्ट्री, जिसके चार्ज में फ्लड कन्ट्रोल का काम है, उन सारी स्कीमों को देखती है तथा उसके मुताबिक जितना एलोकेशन प्लान में हो सकता है वह किया जाता है इस मौजूदा नुकसान को देखते हुए कि कहां-कहां एक दम

सहायता देने की जरूरत है, इस संबंध में इरिगेशन मिनिस्ट्री की एक एक्सपर्ट टीम आज ही गुजरात के लिए रवाना हो रही है जो वहां जाकर देखेगी कि कहां कहां एक दम रुपया खर्च करने की जरूरत है और कहां-कहां पर बांध वगरह बनाने के लिए सहायता चाहिए।

माननीय सदस्य ने गुजरात की बहुत सी नदियों का जिक्र किया। जहां तक मैं समझता हूं कच्छ के इलाके में व सौराष्ट्र के इलाके में बाढ़ वहां आती है, जहां से नदियों का पानी बहुत पास से समुद्र में गिरता है। नदियों रेत लेकर समुद्र में जाती है, तो टाइडल वेव्ज के साथ बहुत सा रेत वापिस नदी में आ जाता है और नदियों के बेड्स में जम जाता है और नदियों के पानी के बहाव में रुकावट पैदा होती है। इसलिए जब उन नदियों का रेत बार-बार मानसून आने के पहले, साफ नहीं किया जाएगा तो उससे खतरा यह होता है कि नदियों का बहाव रूक जाने से बहुत से इलाकों के अन्दर बाढ़ का पानी फैल जाता है और उससे बहुत नुकसान होता है तथा इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। गुजरात सरकार का भी इस ओर ध्यान है तथा भारत सरकार का जो मिनिस्ट्री इस बात के लिए जिम्मेदार है, उसका भी इस ओर ध्यान है।

कोई और खास बात आनरेबिल मेम्बर ने नहीं पूछी है। मैं उनको यही यकीन दिलाता हूं कि जिन चीजों की तरफ उन्होंने सरकार का ध्यान दिलाया है उन की तरफ भारत सरकार पूरी तरह से ध्यान देगी।

श्री छीतुभाई गामित : आप ने डैम्ज और रिजर्वायर्स के बारे में कुछ नहीं कहा।

श्री वीरेन्द्र सिंह राव : डेम्ज और रिजर्वायर्स और दूसरी तमाम चीजों को देखने के लिये हमारी एक्सपर्ट टीम आज जा रही है।

SHRI CHITTA BASU (Barasat): In the statement of the hon. Minister many important issues have been raised and I would only draw the attention of the House to the facts that have been stated there.

Sir, quite a large number of minor and major dams in the Saurashtra region were overflowing and a quite a number of dams have burst also. Now, generally an apprehension is raised as to whether those reservoirs or dams were properly designed or properly constructed or wore there any defects in the construction or design. • Therefore, May I know from the hon. Minister whether in view of these apprehensions the Government propose to have an inquiry into the condition and construction of the dam, the present position of the dam and the design of the dam and make new plans so that there may not be any recrudescence of this type of catastrophe in future.

It is also necessary to know whether there was any human failure and if there was any human failure, I want to know whether there will be an inquiry to go into it and fix the responsibility.

There has been enough indication in the statement that there were lapses on the part of the State Government. I refer to paras 13 and 14 of the statement where in it has been stated that sufficient warning was given and the official aerted even in the early part of June when there was an indication of heavy rains. There was also a DO letter sent to the Chief Secretary of the Gujarat Government alerting them about the arrangements to be made to meet the situation but there was no reply and it appears that no precautionary measures or preventive steps were taken by the Government of Gujarat in pursuance of the communication made by the government officials.

Again there were incessant rains right from 27th June and there were overflowings. There was a serious damage to the crops and there was a loss of lives both of humanbeings and also of cattle. But the Army was called, as far as the newspaper reports go, only on the 3rd July. Why was the Army not called earlier? Why were not sufficient precautionary measures taken? Had the Army been called earlier, most likely many of the lives both of men and cattle could have been saved. Therefore, I want to know why there was delay to call for the Army's help.

My third point is this. About 20 persons have died. Do the government propose to give any compensation to those who have died due to no fault of their own but because of the lapses either of the government of Gujarat or the government of India.

Lastly, I want to know whether there is any proposal of the government of India and the government of Gujarat to see that compensation is paid to the cultivators for the loss of their crop.

I would like to know whether there is a proposal to cancel the debts, the agricultural debts of the farmers and advance them new loans or other financial assistance so that they can start recultivation of the damaged land when the water recedes and see that agriculture does not suffer.

Lastly, what precautionary measures have the government taken or propose to take to check the epidemics which normally break out after this kind of floods? What steps do the government of India and the government of Gujarat propose to take to see that epidemics do not spread after the floods?

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: Sir, I shall try to reply to all of them. You have flooded us with questions. The first question that the hon. Member put to us was in respect of his doubts about proper designs and planning of dams. He suggested that enquiries should be held.

According to my information, no major dam in spite of this very heavy downpour has burst so far. There has been some leakage, some damage to minor dams which are put up by the State Government. In case of failure I expect that enquiries are normally made and responsibility is fixed if it is found that it could have been avoided if the design had been proper; but the hon. Member would appreciate that a calamity of this nature can never be foreseen. The rainfall has been to the extent of about three times, in ten days, of the actual average rainfall in particular areas. Now, all precautions are taken to undertake a study of the calamities and various stages of action to be taken. A forecast is first made about the expected rainfall in the coming monsoon. The meteorological Department warns the State Governments and the Central Government. And then there is always a system of preparedness for any disaster. There is also a standing machinery and standing instructions in every State on this. After the preparedness is the stage of warning immediately before the disaster, since that could be foreseen, people are warned; the local officers are warned; all possible steps to meet the situation are taken. Then comes after the disaster, disaster management. This is the stage before which the previous stages whatever advance action that could be taken to prepare themselves was taken by the State Government on the Central Government's instructions. I do not see any basis for the hon. Member's thinking on reading my statement that there was any failure on the part of the State Government to take proper action in time. The State Government took action to the best of its ability and it was prepared for any eventuality. If the emergency is of such a big proportion, then you would certainly give some consideration to the human limitations. Human limitations come up against the fury of floods. He has given some suggestions about more relief and more loans to be given.

SHRI CHITTA BASU: Why then there was delay in calling the army?

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: As soon as the State Government thought that it could not cope with the situation, they immediately contacted the army. Promptly whatever army assistance was called that was given. There was no delay on the part of

[Shri Birendra Singh Rao]

the army. It is very difficult to say that here was a delay on the part of the State Government to ask for army assistance. I cannot go into that question because I do not know the full details as to when the State Government came to know that the situation in a particular place was very serious. You would certainly agree that the State Government firstly depends on their local officers, on their own local resources, to provide for immediate relief. If the rain fall had been very heavy, during the night, it is not possible to know whether the next night or during the day the rain will stop. While it goes on pouring the people are also busy making preparations. Information is sent to the State headquarters, to the Flood Control room and then a decision is taken at the various levels of the State Government. I know that as soon as the army was contacted, they immediately rushed to provide the relief.

As regards the suggestion of the hon. Member, it will certainly be taken into consideration. Providing relief under certain rules and regulations and the pattern of assistance that is adopted in such disasters is mainly the responsibility of the States. Therefore, they formulate their schemes for relief and then they ask for the Central assistance and whatever assistance the State Governments ask for from the Central Government, I can assure you that we shall do our maximum to meet their requirments.

SHRI G. M. BANATWALLA (Ponnani): Mr. Deputy Speaker, Sir the hon'ble Minister has told us that the worst affected areas on account of the floods are Kutch, Jamnagar, Junagarh, Amreli and Rajkot. There is an extensive damage also and the hon'ble Minister has pointed out that the State Government has estimated that 10 lakh persons have been affected one way or the other. More than 25,400 persons have been evacuated to safer places and about 5,000 persons kept in tented relief centres. This shows the intensity of the calamity. And what is the attitude of the Central Government? The Central Government, I must say, has been rather indifferent. During the whole period from 1st June to 2nd July, 1980 we are told Saurashtra and Kutch had 362 per cent of normal rainfall but then what was the Central Government doing! A letter was sent to the Chief Secretary of Gujarat on 10th June. Then after sending the letter despite the fact that the fury was increasing; despite the fact that the fury was very great from 24th June to nearly 5th July; despite the fact that there was heavy rainfall and so no over-flowing all dams, rivers and tanks, the Government kept on snoring. Then it was on the 2nd July that a telex message was sent requesting an intimation of the follow-up action on the first letter.

We are also further told that now the situation is being watched and an expert team of the Irrigation Department concerned with the flood control measures is being sent and we are being told that it is being sent today. the team with respect to Central assistane will be sent when assistance is called for.

Sir, I submit that this is rather a very indifferent attitude that is being taken. This is a human tragedy and more initiative and more dynamism is wanted from the Government. Even with respect to the question of provision of relief with which the hon'ble Minister is primarily concerned the attitude of the Government is to sit crossed fingers, *viz.*, if the State Government wants we will consider. Now, the failure of the State Government in these respects gets reflected and gets imported into the functioning of the Central Government. As I was submitting this is a human tragedy. It expects dynamism and initiative even from the Central Government. Will, therefore, the hon'ble Minister consider seriously the necessity to so re-organise his department

concerning the provision of relief that initiative is taken and that dynamism is brought into the Department? Let the department come into touch; let the Minister come into touch with the human tragedy that is being enacted there. If there is failure of the State Government, let the Central Government, draw the attention of the State Government rather than wait and watch and get the failure of the State Government reflected into the functioning of the Central Government also. There is another important point.

Sir, again and again the hon. Minister has been saying that one could not expect such a calamity and so on. I submit, with all respect, that Government's reliance on old statistics is outmoded. There is need to realise this. The current projections to provide 'safety margins' in designing and in estimating the heights, the strength and the configurations of our new dams and bridges. need revision. I would like to point out some instances. During last year, after the Morvi disaster it was discovered that the deluge of 24" on the day of disaster had been more than the average seasonal total for the past 100 years. Now, between 1st June to 3rd July, the regions of Saurashtra and Kutch had 362 per cent of normal rainfall. If so, the old statistics have become deceptive...

MR. DEPUTY-SPEAKER...and out-moded.

SHRI G. M. BANATWALLA: and therefore there is need for a revision of all these things. Even the National Commission on Flood has pointed out this important aspect. The National Commission on Flood has suggested a special 'Flood-prone area programme' similar to the 'drought-prone area-programme'. They have said that such a 'Flood-prone area programme' should be launched. There are the three important questions which I want to put to the hon. Minister...



MR. DEPUTY-SPEAKER: All these questions you have put already...

SHRI G. M. BANATWALLA: Yes, now let me get a reply...

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: The hon. Member stated that there was some failure on the part of the State Government. It is very clear from what I have stated that the State Government has taken all possible action, as speedily as possible, to meet the situation. I have stated also that the Chief Minister himself and the Minister of Irrigation have visited the place. Army was called. The defence forces are helping the marooned people. Food is being dorpped. Urgent action as per the Model-action Plan of the Central Government was taken. Medicines were arranged for. Everything possible is being done to see that there is no spread of epidemics. Cholera vaccine is being provided for. Anti-malarial measures are being taken. All these steps are taken to save the marooned people and to save the human lives and cattle; they have to take them to safer places and then to put them in camps and so on. All that is being done. Therefore, where comes the question of State Government's indifference or of the Central Government? There is on such question at all.

There is no dearth of money. As I said, Rs. 9.56 crores is at the disposal of the State Government of Gujarat for meeting such natural calamities. Out of that, according to my information, the Gujarat Government has indicated that they would only need about Rs. 1 crore for relief measures. In this situation, even after spending Rs. 1 crore they have got more than Rs. 8 crores, at their disposal, if they need more money from the Central Government, it is only at that statge that the Central Government can provide further relief. Otherwise, relief has already been provided. All the assistance stands provided to the Government of Gujarat.

[Shri Birendra Singh Rao]

Therefore, I think, the hon. Member would appreciate what I wanted to say and convey to the honourable House. They should not misunderstand my statement at all. This is my submission. The Government of India is fully aware of the situation. As I said, flood-control measures are to be undertaken on a permanent basis. A Central Team of the Ministry of Irrigation is going to visit the State today.

The National Commission on floods had submitted its report sometime back. A very prominent person from Gujarat was its Chairman—Mr. Jaisukhlal Hathi. He is the present Governor of Punjab. The Report of that Commission is being studied by the Government of India. I believe the Irrigation Ministry has set up a separate Cell to process the recommendations of the National Commission on Floods.

SHRI G. M. BANATWALLA: How long will it take?

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: I think, my hon. colleague Mr. Kedar Pandey is able to say this. But I have stated what I knew. The Ministry of Irrigation is actively pursuing the recommendations of the National Commission on Floods. It has set up a separate Cell to look into all those recommendations and necessary steps will be taken in various States according to the plan, of course, with the resources that can be commanded by the Government of India. As I said earlier, that has been provided for. Now, about this letter of 10th June, probably there is some confusion. The Hon'ble Member knows that the letter was written on 10th June. In fact, it was not necessary to write to any State Government...

SHRI G. M. BANATWALLA: You can sleep.

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: We are always awake. Therefore, there is no need to remind the State Governments again that they should be prepared for floods. They are expected to be prepared always, every year, every time before the monsoon starts. These instructions were sent even last year. But the Government of India was extra-catious, extra-vigilant and as a measure of abundant caution, we wrote again before the monsoon started. These instructions were again issued not because the State Government was not taking any action before a heavy rainfall started but it was a matter of routine exercise. We wrote again in July as a matter of support to the State Government as if to say "we are also waiting for a report and we hope you are vigilant; you must be able to assess the situation and let us know what help is required from the Central Government, what additional measures you want us to take". It was only for that matter that the telex message was given. But the State Government was itself very active and vigilant and there is no cause for any complaint.

SHRI RATANSINGH RAJDA: (Bombay South): Please permit me to mention a few points. Sir, I want to raise a point relevant to present discussion.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You pass them on to the Minister and he will look into them. I will not permit you to raise any question because your name is not in the list. If you are interested in getting some clarifications, you can pass those points to the Minister and he will reply to you. I am not permitting you to raise any point.

---

13.49 hrs.

## STATEMENT *RE*: REPORT OF THE GODAVARI WATER DISPUTES TRIBUNAL

THE MINISTER OF IRRIGATION (SHRI KEDAR PANDEY): The Godavari Water Disputes Tribunal has today forwarded to the Central Government its Further Report. With the submission of this Report, the